**09H(A)**

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

**Time : 2½ Hours]** **[Maximum Marks : 100**

## Part - A

***Time : 2 Hours*** ***Marks : 75***

**सूचना :**

1. **भाग – A** के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।
2. **भाग – A** के लिए समय दो (2) घण्टे निर्धारित हैं।

**I.** प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। प्रत्येक भाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच (5)अंक निर्धारित हैं।

**1.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए। **5×1=5**

शाम को स्वयंसेवकों के दल के साथ अरूणा चली गयी। पंद्रह दिन बाद वह लौटी तो उसकी हालत काफी खराब हो रही थी। सूरत ऐसी निकल आयी थी कि मानो छह महीने से बीमार है। चित्रा उस समय गुरुजी के पास गयी थी। अरूणा की नज़र चित्रा के नये चित्रों पर पड़ी। तीन चित्र बने रखे थे। तीनों बाढ़ के चित्र थे।

**प्रश्न :**

(1) अरूणा कितने दिन बाद लौट आयी?

(2) किसकी हालत खराब हो रही थी?

(3) गुरुजी के पास कौन गयी थी?

(4) अरूणा की नज़र किस पर पड़ी?

(5) यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है?

**2.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **5×1=5**

एक गाँव में एक धनी किसान रहता था। उसके पास बहुत सी ज़मीन थी। उसके यहाँ बहुत से आदमी काम कर रहे थे। उस किसान के दो लड़के थे। जब दोनों लड़के बड़े हो गये तो किसान ने उन्हें आधी-आधी ज़मीन बाँट दी। बड़ा लड़का बहुत सुस्त और आलसी था। वह कभी अपने खेतों को देखने तक नहीं जाता था।

**प्रश्न :**

(1) किसान कैसा था?

(A) मेहनती (B) होशियार (C) धनी (D) गरीब

(2) किसान के पास क्या थी?

(A) सोना (B) चाँदी (C) हीरे (D) ज़मीन

(3) किसान के कितने लड़के थे?

(A) एक (B) दो (C) तीन (D) चार

(4) किसान ने आधी-आधी ज़मीन किनको बाँट दी?

(A) लड़कों को (B) भाइयों को (C) बहनों को (D) लोगों को

(5) किसने खेतों को देखा तक नहीं?

(A) किसान (B) बड़ा लड़का (C) छोटा लड़का (D) मज़दूर

**3.** निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **5×1=5**

एक मनुज संचित करता है,
अर्थ पाप के बल से,
और भोगता उसे दूसरा,
भाग्यवाद के छल से।
नर-समाज का भाग्य एक है,
वह श्रम, वह भुज बल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई -
पृथ्वी, विनीत नभ-तल है।

**प्रश्न :**

(1) मनुज क्या संचित करता है?

(A) पाप (B) अर्थ (C) जल (D) पुण्य

(2) ''मनुज'' शब्द का अर्थ क्या है?

(A) पक्षी (B) पशु (C) मनुष्य (D) मन

(3) 'छल' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?

(A) भाग्यवाद (B) नीतिवाद (C) श्रमवाद (D) अतिवाद

(4) श्रम किसका भाग्य है?

(A) बाल समाज (B) नव समाज (C) स्त्री समाज (D) नर समाज

(5) उपर्युक्त पंक्तियों के कवि कौन हैं?

(A) दिनकर जी (B) पंत जी (C) निशंक जी (D) चौहान जी

**4.** निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **5×1=5**

जीवन की अनेक अवस्थाओं में,
अति मधुर होता है बचपन।
खेल-कूद आमोद प्रमोद से भरपूर,
बचपन की याद आती है बारंबार।

दायित्व रहित निश्चिंत जीवन,
नहीं समय की कोई पाबन्दी।
हठकर, पाए मन वांछित वस्तु
बचपन है बड़ा ही अनमोल।

**प्रश्न :**

(1) जीवन की मधुर अवस्था क्या है?

(A) बचपन (B) बूढ़ापन (C) किशोरावस्था (D) यौवन

(2) बार-बार किसकी याद आती है?

(A) माता (B) पिता (C) दोस्त (D) बचपन

(3) 'जीवन' शब्द का विलोम क्या है?

(A) आजीवन (B) मरण (C) जीवन भर (D) कुछ नहीं

(4) 'अनमोल' उपसर्ग पहचानिए।

(A) मोल (B) ल (C) अ (D) अन्

(5) हठ करने वाले कौन है?

(A) पशु (B) पक्षी (C) बच्चे (D) बड़े

**II.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए।
प्रश्न क्रमांक **6** के लिए choice है। **6×3=18**

**5.** उलझनों से बचे रहने के लिए हमें कैसी सावधानियाँ लेनी चाहिए?

**6.** रामधारी सिंह 'दिनकर' के बारे में आप क्या जानते हैं?

*अथवा*

**7.** निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए।

(अ) कहि रहीम ..........................

.......................... तेई साँचे मीत॥

(आ) नर की अरू नल ..........................

.......................... ऊँचौ होइ॥

8. हिन्दी भाषा सीखने से क्या-क्या लाभ हैं?

9. कलाम के विचार में आदर्श छात्र के गुण क्या हैं?

10. मदर टेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्ध किया?

11. राजू ने अपने पुराने स्कूल को किस तरह का उपहार समर्पित किया?

**III.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर दस (10) पंक्तियों में लिखिए। **1×10=10**

12. "बरसते बादल" कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

13. मीराबाई के भक्ति पदों का भाव अपने शब्दों में लिखिए।

**IV.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर बारह (12) पंक्तियों में लिखिए। **1×10=10**

14. 'हिन्दी देश को जोड़ने वाली कड़ी है।' अपने विचार लिखिए।

15. जल ही जीवन है। सिद्ध कीजिए।

**V.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **1×7=7**

16. बीमारी के कारण पाँच दिन की छुट्टी माँगते हुए कक्षाध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

17. किसी कॉलेज में प्रवेश हेतु प्राचार्य के नाम पत्र लिखिए।

**VI.** ***किसी एक*** विषय पर *निबंध* लिखिए। **1×10=10**

18. स्वच्छ भारत अभियान

19. दूरदर्शन

20. आदर्श विद्यार्थी

21. यदि मैं मुख्यमंत्री होता ........

---

**09H(B)**

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

**Time : $2\frac{1}{2}$ Hours]** **[Maximum Marks : 100**

## Part - B

***Time : 30 minutes*** ***Marks : 25***

*सूचना :*

1. **भाग - B** के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न-पुस्तिका में ही लिखिए तथा इसे **भाग - A** की उत्तर पुस्तिका के साथ जोड़िए।
2. **भाग - B** के लिए आधा (½) घण्टा समय निर्धारित है।

*विशेष सूचना :*

1. सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।
2. प्रश्न क्रमांक **1** से **25** तक के उचित उत्तर का "कैपिटल अक्षर" सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए।
3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक **नहीं** दिये जायेंगे।

**1.** प्रेमचंद का जन्म कब हुआ? [ ]

(A) 1975 (B) 1885

(C) 1880 (D) 1900

**2.** प्रकृति के बेजोड़ कवि कौन हैं? [ ]

(A) दिनकरजी (B) पंतजी

(C) प्रकाशजी (D) प्रेमचंदजी

**3.** मीरा की भक्ति किस भाव की मानी जाती है? [ ]

(A) करूणा (B) स्नेह

(C) वात्सल्य (D) माधुर्य

4. गुजरात का यह लोकगीत सभी प्रांतों में प्रचलित हो रहा है - [ ]

(A) गरबा (B) भतियाली

(C) ढोला-मारू (D) हीर-राँझा

5. विश्व हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है? [ ]

(A) 14 सितंबर (B) 14 जनवरी

(C) 10 सितंबर (D) 10 जनवरी

6. मीराबाई किस शाखा की प्रमुख कवयित्री है? [ ]

(A) रामभक्ति (B) कृष्ण भक्ति

(C) ज्ञानमार्गी (D) प्रेममार्गी

7. 'आवारा मसीहा' किसकी प्रसिद्ध रचना है? [ ]

(A) विष्णु प्रभाकर (B) भागवत शरण उपाध्याय

(C) आर.पि. निशंक (D) प्रेमचंद

8. 'दक्षिणी गंगा गोदावरी' पाठ के लेखक कौन हैं? [ ]

(A) प्रेमचंद (B) श्री प्रकाश

(C) काका कालेलकर (D) विष्णु प्रभाकर

9. मैथिल कोकिल किसे कहते हैं? [ ]

(A) विद्यापति (B) जगनिक

(C) ऊदल (D) आल्हा

10. अंतरिक्ष यात्री क्या चुराने पृथ्वी पर आये थे? [ ]

(A) खनिज (B) पानी

(C) सोना (D) चाँदी

11. बिहारी की प्रसिद्ध रचना क्या है? [ ]

(A) बिहारी सतसई (B) बिहारी कवितावली

(C) बिहारी शतक (D) बिहारी पदावली

**12.** मिज़ाइल मैन किसे कहते हैं? [ ]

(A) ए. पी. जे. अब्दुल कलाम (B) टेसी थॉमस

(C) सुभाषचन्द्र बोस (D) सीतारामराजु

**13.** 'स्वराज्य की नींव' किस विधा का पाठ है? [ ]

(A) निबंध (B) कहानी

(C) एकांकी (D) जीवनी

**14.** भारतवासी किसे पावनधाम बनाना चाहते हैं? [ ]

(A) घर को (B) दुनिया को

(C) पाठशाला को (D) बगीचे को

**15.** जल चोर कौन था? [ ]

(A) दीपेश (B) विकास

(C) अंतरिक्ष यात्री (D) प्रकाश

**16.** 'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या है? [ ]

(A) कवियित्री (B) कवित्री

(C) कवित्रा (D) कवयित्री

**17.** 'भड़कीला' शब्द में प्रत्यय क्या है? [ ]

(A) कीला (B) ला

(C) ईला (D) भड़

**18.** नीचे दिये गये वाक्यों में सही क्रम वाक्य को पहचानिए। [ ]

(A) लोकगीत जनता के संगीत हैं।

(B) लोकगीत संगीत जनता के हैं।

(C) लोकगीतों है के जनता संगीत।

(D) जनता संगीत लोकगीत के हैं।

19. 'सकुशल' शब्द में उपसर्ग क्या है? [ ]

(A) कुशल (B) स

(C) सक (D) सकु

20. 'यद्यपि' किन दो शब्दों से बना है? [ ]

(A) यदि , अपि (B) यद्य , पि

(C) यद् , यपि (D) य , द्यपि

21. 'मैं कल नहीं गया।' काल पहचानिए। [ ]

(A) भूतकाल (B) भविष्यत काल

(C) वर्तमान काल (D) पूर्ण भूतकाल

22. 'पशु-पक्षी' समास क्या है? [ ]

(A) बहुव्रीहि समास (B) तत्पुरुष समास

(C) द्विगु समास (D) द्वंद्व समास

23. 'खुशी' शब्द का वचन बदलिए। [ ]

(A) खुशियों (B) खुशियाँ

(C) खुशियें (D) खुशि

24. ---------- अहिंसा, त्याग, समर्पण का बगीचा महकायेंगे। [ ]

(A) प्यार (B) प्रेम

(C) दीप (D) सत्य

25. "मन गद्गद् होना" मुहावरे का अर्थ क्या है? [ ]

(A) लाभ ही लाभ होना (B) प्रसन्न होना

(C) बेचैन होना (D) प्रकाश होना